प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची में छूटे हुए नए मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर जारी किया सख्त निर्देश, खूंटी में मनाया गया मतदाता महोत्सव ।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू में कार्यकर्ताओं में भरा जोश, राजद की ममता भुइयां को पलामू से टिकट, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन होंगी झामुमो उम्मीदवार।
- प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में टैगोर परिवार की टैगोर हिल के पास की जमीन में हेराफेरी की दी जानकारी।
- पूर्वी सिहंभूम सहित राज्य के कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा, हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी, कल राज्य के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची में छूटे हुए नए मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर सख्त निर्देश जारी किया है। मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुए फॉर्म 6 के माध्यम से मतदाताओं को जोड़ने को कहा गया है। इसके साथ–साथ बीएलओ को मतदाता जागरूकता समूह, वॉलेंटियर्स, मतदान केंद्रों की साज–सज्जा आदि की सारी तैयारी कराने का भी निर्देश दिया गया । श्रीकुमार कल पाकुड़ में चुनाव की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे शाम तक मतदान होना है। इसे लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुविधायें उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

*****************

खूंटी जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत कल कचहरी मैदान में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, अमन कुमार और जिले के वरीय पदाधिकारियों ने किया। वहीं पतंगबाजी भी की गई। उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित लोगों को मतदान की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

*****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पलामू में पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभास्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से एनडीए के 400 सीट पार के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी द्वारा प्रस्तुत चार्जशीट हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज है। हेमंत सोरेन की पत्नी भाजपा पर उनके पति को परेशान करने का आरोप लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन केवल ईडी द्वारा प्रस्तुत 191 पन्नों की चार्जशीट पढ़ लें, हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण का पता चल जाएगा। इस दौरान श्रीमरांडी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं।

*****************

पलामू संसदीय सीट से राजद ने ममता भुइयां को उम्मीदवार बनाया है। इसे लेकर पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कल ममता भुइयां को राजद का चुनाव चिन्ह सौंपा। बता दें कि पलामू सीट पर भाजपा के बीडी राम एनडीए के उम्मीदवार हैं।

*****************

राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की उम्मीदवार होंगी। मुख्यमंत्री आवास में कल हुई झामुमो की बैठक में कल्पना सोरेन के नाम पर मुहर लगी। वहीं 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान महारैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें आईएनडीआईए गठबंधन दल के नेता शामिल होंगे। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि इस रैली में गठबंधन के सभी राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बुलाया जायेगा।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ् नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर जिले में पुष्कर के पास चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। अजमेर और पुष्कर से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में यह रैली आयोजित की जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान में यह तीसरी जनसभा है। दूसरी तरफ कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के संबंध में आज जयपुर में बडी जनसभा का आयोजन कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*****************

पाकुड़ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

भूमि घोटाला प्रकरण में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बडग़ाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद व अन्य पर दाखिल चार्जशीट में बताया है कि भानु प्रताप प्रसाद के ठिकाने से कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर के संबंधी हिमेंद्र नाथ टैगोर, हिमेंद्र के बेटे से संबंधित जमीन के दस्तावेज भी मिले हैं। ईडी को उक्त जमीन के कागजात में भी हेराफेरी के सबूत मिले हैं, जिसकी जांच चल रही है।

*****************

- सरायकेला–खरसावां जिले के हाता– चाईबासा मुख्य मार्ग पर कल शाम सड़क हादसे में एक मोटरसाइकिल सवार दम्पति की मौत हो गई।
- गुमला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने घाघरा प्रखण्ड के कई मतदान केंद्रों तथा क्लस्टर्स का कल औचक निरीक्षण किया।
- रामगढ़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने जिले के विभिन्न प्रखंडों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया।
- गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट में एक भाजपा कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर देने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

*****************

पूर्वी सिहंभूम सहित राज्य के कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार कोल्हान के अलावा संताल के साहेबगंज, दुमका सहित कई जिलों का तापमान आज 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आस पास रहने की संभावना है। हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मौसम विभाग ने कल से राज्य के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने झामुमो विधायक दल की बैठक और कांग्रेस के घोषणा पत्र की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...
प्रभात खबर ने लिखा है 21 को रांची में झामुमो की न्याय रैली, जुटेंगे इंडिया गठबंधन के कई नेता।
हिंदुस्तान, दैनिक जागरण और रांची एक्सप्रेस ने भी झामुमो की न्याय रैली की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की खबर को प्रमुखता दी है जिसका शीर्षक है कांग्रेस के वादे 340 पार।
राष्ट्रीय नवीन मेल ने आरबीआई द्वारा साढ़े छह प्रतिशत रेपो रेट बरकरार रखने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा खत्म करने के वादे की खबर को सुर्खी बनाई है।
हिंदुस्तान टाइम्स ने मदरसा कानून मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले पर रोक की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************